卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 239 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦ 5 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## इकोलॉजी और इकोनॉमी का संतुलन जरूरी: धामी

### सीएम ने पर्यावरण दिवस पर भीमताल में दी 96 करोड़ की योजनाओं की सौगात

भीमताल/नैनीताल। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भीमताल के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में नैनीताल जनपद को 96 करोड़ 71 लाख रुपये की 13 विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए पर्यावरण संरक्षण, झीलों के संरक्षण, हरित विकास और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया।(शेष पृष्ठ सात पर)





## घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

अल्मोड़ा। सल्ट विकासखंड की खुमाड़ ग्रामसभा में देर रात एक महिला की कथित तौर पर उसके पति द्वारा हत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरोप है कि घरेलू विवाद के दौरान पति ने अपनी पत्नी पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है। देर रात हुई इस घटना की सूचना मिलते ही सल्ट थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू की। शुक्रवार सुबह रानीखेत से क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। पुलिस की मौजूदगी में तहसीलदार आबिद अली ने पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी कराई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भेजा गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है और जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## सीएम का विरोध करने जा रहे जनप्रतिनिधि गिरफ्तार

रामनगर। मुख्यमंत्री के नैनीताल दौरे के दौरान विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे रामनगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और उनके समर्थकों को पुलिस ने बेलपड़ाव क्षेत्र



में रोककर हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारी मोहान स्थित इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) के निजीकरण के विरोध में मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए भीमताल जा (शेष पृष्ठ सात पर)

## टेंपो ट्रैवलर पलटने से महिला श्रद्धालु की मौत,17 घायल

### गाजियाबाद से बदरीनाथ जा रहे यात्रियों से भरा वाहन जोशीमठ के पास पलटा

चमोली। उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा के दौरान शुक्रवार तड़के बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जोशीमठ के निकट पैनी क्षेत्र में गाजियाबाद से बदरीनाथ धाम जा रहा एक टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार टेंपो ट्रैवलर में चालक सहित कुल 18 लोग सवार थे। वाहन गाजियाबाद से श्रद्धालुओं को लेकर



बदरीनाथ धाम की ओर जा रहा था। शुक्रवार सुबह जोशीमठ के पास पैनी क्षेत्र में अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे टेंपो ट्रैवलर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गईं। संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव अभियान चलाकर वाहन में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को 108 एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में गाजियाबाद निवासी श्रद्धालु आरती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य 17 घायल यात्रियों का उपचार किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी बचाव कार्य में प्रशासन का सहयोग किया। ज्योर्तिमठ कोतवाल देवेंद्र सिंह रावत ने बताया (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस पर दस ने खरीदे असलहे

### एसटीएफ की जांच में सनसनीखेज खुलासा,प्रशासन में भूचाल

काशीपुर। कूट रचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी शस्त्र लाइसेंस तैयार कर शस्त्र खरीदने के एक गंभीर मामले में एसटीएफ के इंस्पेक्टर की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। कुमाऊं यूनिट के एसटीएफ के इंस्पेक्टर महेंद्र पाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देहरादून के एसएसपी एसटीएफ द्वारा बीते 25 फरवरी को जारी आदेश के अनुपालन में जनपद उधम सिंह नगर में उनके द्वारा अवैध शस्त्र लाइसेंसों के संबंध में जांच की जा रही थी इस दौरान उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से फर्जी एवं कोर्ट रचित दस्तावेजों के सहारे तैयार शस्त्र लाइसेंस के जरिए काशीपुर स्थित काशीपुर गन (शेष पृष्ठ सात पर)

### फर्जीवाड़े का गढ़ बन चुका है काशीपुर

पुलिस व प्रशासन की लचर कार्य प्रणाली के कारण काशीपुर पिछले कुछ समय से धोखाधड़ी व फर्जीवाड़े का गढ़ बन चुका है। यहां धोखाधड़ी व फर्जीवाड़ा करने वाले तमाम सफेदपोश ऐसे माफिया सक्रिय हैं जिन पर पहले से ही दर्जनों गंभीर मामले पंजीकृत है। मजे की बात यह है कि कानून की जकड़ मजबूत होने के बावजूद यह माफिया खुले आम फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। इसमें से कुछ ऐसे हैं जिनका प्रशासनिक अधिकारियों के बीच उठना बैठना भी है। ये हैं फर्जीवाड़े के असली हीरो: नौशाद हुसैन पुत्र लियाकत (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस गिरोह पर एसटीएफ का बड़ा प्रहार

### पार्षद सहित तीन गिरफ्तार, तीन सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, 65 कारतूस बरामद

काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'अपराध मुक्त उत्तराखंड' विजन के तहत स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और ऊधमसिंह नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फर्जी शस्त्र लाइसेंस के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। काशीपुर क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन अवैध सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, 65 कारतूस तथा तीन कूटरचित शस्त्र लाइसेंस बरामद किए गए हैं। एसटीएफ द्वारा लगभग एक माह तक की गई गोपनीय जांच के बाद गुरुवार को काशीपुर कोतवाली में उत्तर प्रदेश से निर्गत दर्शाए गए 10 संदिग्ध शस्त्र लाइसेंस धारकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मुकदमे की विवेचना के दौरान देर रात यह बड़ी कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि राज्य में बाहरी राज्यों से स्थानांतरित होकर आए शस्त्र लाइसेंसों की व्यापक जांच की जा रही है। जांच में सामने आया कि (शेष पृष्ठ सात पर)



## हाईकोर्ट के निर्देश पर 19 दिन बाद कब्र से निकाला शव

### परिजनों ने जताई थी हत्या की आशंका, 15 जून को होगी मामले की अगली सुनवाई

काशीपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के कटोराताल चौकी अंतर्गत विजय नगर नई बस्ती निवासी 17 वर्षीय मुर्सलीन की संदिग्ध मौत के मामले में शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। हाईकोर्ट के आदेश पर मौत के 19 दिन बाद मुर्सलीन का शव कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस, फोरेंसिक विशेषज्ञों और परिजनों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। शुक्रवार सुबह एसडीएम अभय प्रताप सिंह, फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र, पुलिस अधिकारियों और मृतक के



परिजनों की उपस्थिति में नौगजा कब्रिस्तान में कब्र खोदने की कार्रवाई शुरू की गई। सुबह से रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी के बीच करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। फोरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य भी एकत्र किए। गौरतलब है कि मुर्सलीन 16 मई की रात करीब 10 बजे घर से लापता हो गया था। अगले दिन 17 मई की सुबह उसका शव घर की तीसरी मंजिल पर बने एक कमरे में पंखे के पास पाइप से लटका हुआ मिला था। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हुआ था, जिसके बाद पोस्टमार्टम कर उसी दिन शाम को शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया था। हालांकि मृतक के पिता इमरान अली ने शुरुआत से ही बेटे की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई थी। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## चार शोरूमों में हुई चोरी का खुलासा,एक गिरफ्तार

### 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर राजस्थान तक पहुंची पुलिस

रुद्रपुर (संवाददाता)। रुद्रपुर के मुख्य बाजार क्षेत्र में चार शोरूमों में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के 25,500 रुपये नकद और एक आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद की गई है। मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार 14 मई की रात मुख्य बाजार क्षेत्र स्थित चार अलग अलग शोरूमों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इस संबंध में आदित्य भनोट, अंकित नरूला और मधुर मेहंदीरत्ता की तहरीर पर कोतवाली रुद्रपुर में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किए गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस और एसओजी की संयुक्त तीन टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान टीमों ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में तीन संदिग्ध व्यक्ति चोरी (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश में 213 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी

## कुम्भ, नंदा राजजात, सड़क, पेयजल, धार्मिक पर्यटन और किसानों के लिए मुख्यमंत्री ने दी बड़ी सौगात

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के विकास, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसुविधाओं के विस्तार के लिए कुल 213 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां प्रदान की हैं। स्वीकृत योजनाओं में कुम्भ मेला 2027 की तैयारियों, नंदा देवी राजजात यात्रा, सड़क निर्माण, पेयजल परियोजनाओं, धार्मिक स्थलों के विकास और कृषि ऋण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों के तहत चमोली जिले के नलगांव भटियाणा मोटर मार्ग के किलोमीटर एक से दस तक डामरीकरण एवं सुधारीकरण कार्य के लिए 8.68 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा कुम्भ मेला 2027 की व्यवस्थाओं के लिए पुलिस प्रशासन हेतु प्रस्तावित 35 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। प्रदेश में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। उधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में बिन्दुखेड़ा रायपुर मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 3.95 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। देहरादून में रिस्पना पुल चंचल डेयरी से धर्मपुर चौक तक तीन लेन एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण के लिए 3.37 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। अल्मोड़ा जिले के जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में शहीद लांस नायक दिनेश सिंह ध्याड़ी मिरगांव मानेश्वर मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण के लिए 4.92 करोड़ रुपये तथा रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ क्षेत्र में ताला बरंगाली मोटर मार्ग के डामरीकरण एवं सुधारीकरण के लिए 3.17 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत देवलधार, माईथान, लेटी और गिरेछीना मोटर मार्ग निर्माण के लिए 8.52 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। वहीं सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुरुग्राम में संपर्क मार्ग निर्माण के लिए 88.



76 लाख रुपये तथा रंजीतनगर से सुरेन्द्रनगर होते हुए तारकनाथ मंदिर मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए 1.79 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। अल्मोड़ा जिले के सल्ट क्षेत्र में कुलान्टेश्वर महादेव मेला स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए 50.08 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। धारचूला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बौन में हयों गुरु देव एवं गैरेंग मंदिर के सौंदर्यीकरण, चारदीवारी और मुख्य प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 85 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। द्वाराहाट विकासखंड के मांसी क्षेत्र में रामगंगा नदी तट पर स्थित राम पादुका मंदिर में स्नान घाट निर्माण के लिए 37.60 लाख रुपये तथा ग्राम सकुनी स्थित सुकेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के शेष कार्यों के लिए 1.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। चम्पावत विधानसभा क्षेत्र में महिला प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना के लिए 60 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। हरिद्वार जिले के पिरान कलियर क्षेत्र के मेवड़ नागड़ श्मशान घाट में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 16.49 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। पेयजल योजनाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। रुद्रप्रयाग जिले की अगस्त्यमुनि नगर पंचायत में छेनागाड़ पेयजल योजना के क्रियान्वयन के लिए 55.22 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। देहरादून के गंगोत्री विहार क्षेत्र में नलकूप खनन, राइजिंग मेन और संबंधित कार्यों के लिए 2.22 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के उद्देश्य से फसल कृषि ऋण, वाणिज्यिक फसलों तथा सहकारी क्षेत्र की मिलों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रावधानित 130 करोड़ रुपये के सापेक्ष 81.47 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इस बीच मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र स्थित ताकुला राजकीय प्राथमिक विद्यालय धौलरा का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विद्याधर वैष्णव के नाम पर रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। सरकार का मानना है कि इससे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। सरकार के अनुसार इन स्वीकृतियों से प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी, धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, किसानों को राहत पहुंचेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

# टिहरी झील क्षेत्र का मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

## 1294 करोड़ रुपये की पर्यटन विकास परियोजना के कार्यों की समीक्षा

देहरादून (संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने गुरुवार को टिहरी झील क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टिहरी झील के समीप कोटी, जाख और डोबरा पुल तक निर्माणाधीन पर्यटन मार्ग तथा डोबरा पुल क्षेत्र में पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे इको पार्क के कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों से परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन पर्यटन मार्ग के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करते हुए कहा



कि बेहतर सड़क संपर्क और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं के विकास से टिहरी झील क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। अधिकारियों ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि टिहरी झील क्षेत्र में सतत, समावेशी और जलवायु अनुकूल पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 1294 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना प्रस्तावित की गई है। इस परियोजना के तहत झील क्षेत्र के आसपास पर्यटन अधोसंरचना का व्यापक विकास किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। परियोजना के अंतर्गत डोबरा चांटी, तिवाड़ गांव, कोटि कॉलोनी, नई टिहरी, मदन नेगी तथा लेक क्लस्टर सहित छह प्रमुख क्लस्टरों का विकास किया जाना प्रस्तावित है। इन क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण, साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा आगंतुकों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करने की योजना है। मुख्य सचिव ने कहा कि टिहरी झील उत्तराखण्ड की महत्वपूर्ण पर्यटन धरोहरों में शामिल है और इसे राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ परियोजनाओं को गति देने तथा क्षेत्र के सतत विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने की पौधारोपण के साथ स्वच्छता अभियानों में भागीदारी की अपील

देहरादून (संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है और इसके लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि उत्तराखण्ड की संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली का प्रकृति के साथ सदियों पुराना और गहरा संबंध रहा है। प्रदेश के लोकपर्व, रीति रिवाज और सामाजिक परंपराएं हमेशा से पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों को मजबूत करती रही हैं। उन्होंने कहा कि हरेला जैसे पर्व प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, सम्मान और संरक्षण की भावना के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्डवासियों के स्वभाव में पर्यावरण संरक्षण समाहित रहा है, लेकिन वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों को देखते हुए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हमें विकास और



पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड अपनी समृद्ध वन संपदा, जैव विविधता और जीवनदायिनी नदियों के कारण देशभर में विशेष पहचान रखता है। राज्य सरकार प्राकृतिक संसाधनों, वन संपदा और जैविक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विभिन्न योजनाओं और अभियानों का संचालन भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके लिए सरकार के प्रयासों के साथ जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं और आम नागरिकों को भी आगे आना होगा। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जल स्रोतों के संरक्षण, नदियों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक भागीदारी से ही पर्यावरणीय चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियानों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से भी जुड़ी हुई है।

# मुख्यमंत्री आवास में बनेगा 3बी गार्डन: मधुमक्खियों, तितलियों और पक्षियों के संरक्षण को बढ़ावा देगा : सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस देहरादून में विकसित किए जा रहे 3 बी गार्डन के निर्माण कार्य का शुभारम्भ कृष्णा वट के पौधे का रोपण कर किया। बी फ्रेंडली, बटरफ्लाई फ्रेंडली और बर्ड फ्रेंडली अवधारणा पर विकसित किए जा रहे इस विशेष उद्यान का उद्देश्य मधुमक्खियों, तितलियों और पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ जैव विविधता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता का संवर्धन वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए ऐसे नवाचारपूर्ण प्रयासों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ जनजागरूकता बढ़ाने में भी सहायक हों। उद्यान विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे इस विशेष गार्डन में परागण को बढ़ावा देने वाले विभिन्न प्रजातियों के पौधों का व्यापक स्तर पर रोपण किया जा रहा है। उद्यान के आसपास कीटनाशकों तथा अन्य हानिकारक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध रखा जाएगा, जिससे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित बनाए रखा जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे मधुमक्खियों और अन्य परागणकारी जीवों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित होगा। उद्यान में जामुन, शहतूत, सहजन,



कदम्ब, कपूर, गुड़हल, अमरूद, नीम, बाँस, बॉटल ब्रश, टिकामा, जीनिया, कॉसमॉस, पेंटास, मिल्कवीड, पैशन फ्लावर, हमेलिया, इक्जोरा, लैंटाना, तुलसी, लैवेंडर, सूरजमुखी, रोजमेरी और पुदीना सहित अनेक प्रजातियों के पौधों का मिश्रित रूप से रोपण किया जा रहा है। इन पौधों का चयन विशेष रूप से तितलियों, पक्षियों और मधुमक्खियों को आकर्षित करने तथा उनके लिए अनुकूल आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। मुख्यमंत्री आवास परिसर में स्थित जीर्णशीर्ण एवं वृद्ध वृक्षों के समीप भी नए पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त उच्च हिमालयी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले बांज, बुरांश, तेजपत्ता और पया प्रजाति के पौधों का रोपण भी पिछले वर्ष से किया जा रहा है। ये पौधे वर्तमान में स्वस्थ वृद्धि के साथ परिसर की प्राकृतिक सुंदरता और विशिष्टता को बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने परिसर में संचालित पर्यावरणीय एवं जैव विविधता संरक्षण से जुड़े कार्यों की सराहना करते हुए उद्यान विभाग को मधुमक्खी पालन गतिविधियों को मुख्यमंत्री आवास परिसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे जैव विविधता संरक्षण के साथ स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के विशेष उद्यान के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने पूर्व में उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित को निर्देश दिए थे, जिसके बाद उपयुक्त प्रजातियों के चयन और रोपण का कार्य प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगौली, निदेशक उद्यान डॉ. आर.के. सिंह, नरेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# धामी सरकार ने भाजपा के 18 नेताओं को बांटे दायित्व

देहरादून। धामी सरकार की ओर से भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए जाने का सिलसिला जारी है। अब 18 और नेताओं को विभिन्न निगमो, परिषदों व समितियों में दायित्व दिए गए हैं। शासन ने इसके आदेश भी जारी कर दिए हैं। दायित्वधारियों की नई सूची के अनुसार हुकम सिंह कुंवर (चंपावत) को राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद में अध्यक्ष बनाया गया है। आचार्य संतोष खंडूड़ी (देहरादून) को जनसंख्या विश्लेषण समिति में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।इनके अलावा देवेंद्र सिंह ढैला (नैनीताल) को उत्तराखंड बागवानी परिषद, नितिन गौतम (हरिद्वार) को ग्रामीण स्वास्थ्य सलाहकार एवं अनुश्रवण परिषद, मोहिनी पोखरिया (ऊधम सिंह नगर) को राज्य स्तरीय



सतर्कता समिति, रामपाल (ऊधम सिंह नगर) को बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, मनोज कालाकोटी (चंपावत) को उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग और हरीश चंद्र पांडे (नैनीताल) को सिंचाई सलाहकार समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है। सुभाष बगौली (चंपावत) को पर्यटन विकास परिषद में सलाहकार (सतत पर्यटन) का दायित्व दिया गया है। माधव सेमवाल (चमोली) को बीकेटीसी में सलाहकार नियुक्त किया गया है। मोहित शर्मा, डा रणवीर सिंह, पारस गोयल, विशाल गुप्ता व ऋतु मित्रा (देहरादून) को गढ़वाल मंडल विकास निगम में गैर सरकारी निदेशक बनाया गया है। पुष्कर सिंह कोश्यारी (ऊधम सिंह नगर),दयाल सिंह (बागेश्वर), रोहित बिष्ट (चंपावत) को कुमाऊं मंडल विकास निगम गैर सरकारी निदेशक की जिम्मेदारी दी गई है।

# भूमि उपयोग नियमों के उल्लंघन पर कई भूखंड राज्य सरकार में निहित

नैनीताल (संवाददाता)। भूमि उपयोग एवं भू-सुधार कानूनों के उल्लंघन के मामलों में जिलाधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल की अदालत ने विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई करते हुए कई भूखंडों को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के आदेश पारित किए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से भूमि उपयोग नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंचीधाम क्षेत्र के ग्राम छड़ा, पट्टी मझेड़ा निवासी आनंद सिंह एवं राजेंद्र सिंह को कृषि कार्य के लिए पट्टे पर आवंटित भूमि पर आवासीय मकान और दुकान का निर्माण किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने 0.033 हेक्टेयर भूमि का पट्टा निरस्त करते हुए उसे राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के आदेश दिए हैं। एक अन्य मामले में हल्द्वानी तल्ली निवासी बच्ची राम, मोहन चंद्र, लीला देवी एवं भगवती देवी द्वारा सामान्य जाति की महिला के पक्ष में 750 वर्ग फीट भूमि का अंतरण किया गया था। न्यायालय ने सुनवाई के बाद संबंधित भूमि को अंतरण की तिथि से



ही राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के आदेश पारित किए हैं। तहसील रामनगर क्षेत्र के ढेला बंदोबस्ती निवासी बाग सिंह को कृषि प्रयोजन के लिए 0.100 हेक्टेयर भूमि पट्टे पर आवंटित की गई थी। निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि पर रिसॉर्ट संचालित होता पाया गया। प्रशासन द्वारा रिसॉर्ट को सील कर दिया गया था। पट्टे की शर्तों के विपरीत वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित किए जाने पर जिला मजिस्ट्रेट ने पूरी भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार कुमायूं पेपर पैक्स प्राइवेट लिमिटेड, रामनगर तथा उससे संबद्ध रमेश चावला, रचित चावला, मीना चावला और कनिका चावला द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिए खरीदी गई भूमि पर रिसॉर्ट संचालित किया जा रहा था। भूमि उपयोग परिवर्तन की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर 3572 वर्ग मीटर भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के आदेश जारी किए गए हैं। एक अन्य प्रकरण में प्रतापगढ़ निवासी भानवी सिंह द्वारा कैंचीधाम क्षेत्र के ग्राम सुल्तान में बागवानी प्रयोजन के लिए क्रय की गई भूमि का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान भूमि पर 27 नाशपाती के वृक्ष पाए गए। वृक्षों और उनके लिए छह फीट चौड़ा पहुंच मार्ग सुरक्षित रखते हुए 0.0344 हेक्टेयर भूमि को उनके पक्ष में बनाए रखने का निर्णय लिया गया। जबकि शेष 0.5206 हेक्टेयर भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के आदेश पारित किए गए हैं। जिलाधिकारी न्यायालय की इन कार्रवाइयों से स्पष्ट संकेत मिला है कि कृषि, बागवानी अथवा आवासीय प्रयोजनों के लिए आवंटित अथवा खरीदी गई भूमि का उपयोग निर्धारित शर्तों के विपरीत किए जाने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। प्रशासन ने भूमि स्वामियों से भूमि उपयोग संबंधी नियमों और शर्तों का पालन सुनिश्चित करने की अपील भी की है।

## गुमशुदा की तलाश



सूचित किया जाता है कि ग्राम शिवपुर, दिनेशपुर निवासी 34 वर्षीय समीर कुमार समद्दार पुत्र सुकोमल समद्दार 25 अगस्त 2024 को सुबह 7 बजे घर से बिना बताये कही चला गया है। तब से वह घर वापस नहीं लौटा है। आम जनता से अपील है कि लापता समीर कुमार समद्दार के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर दिनेशपुर थाना पुलिस या परिजनों को निम्न मोबाईल नम्बरों पर सूचित करें।

**थानाध्यक्ष, दिनेशपुर मोबा. 9411112903**
**एड. एसआईएचएस सामंत मोबा 9410380410**
**सुकोमल समद्दार मोबा. 9927397036**

# संसार नहीं मन व इंद्रियों को जीतने वाला है महावीर: श्री हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जीता हुआ मन तथा इंद्रियां मित्र तथा अनियंत्रित मन व इंद्रियां सबसे बड़े शत्रु है। संसार को जीतने वाला महावीर नहीं बल्कि मन व इंद्रियों को जीतने वाला महावीर है। मन बाधक भी है तथा साधक भी है। इसे अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिए साधक बनाएं। सुख व दुख भी मन की अनुभूति के विषय मात्र हैं। मन की अनुकूलता में सुख व प्रतिकूलता में दुख जीव अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं।उन्होंने कहा सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे। उन्होंने कहा कि अपने विवेक को सदैव जागृत रखें। माता-पिता, गुरुजनों, शास्त्र, संस्कृति के प्रति श्रद्धा आदर का भाव रखने को भी कहा। संसार की हर वस्तु, पदार्थ, प्राणी नाशवान है। इनका सदैव साथ नहीं रहता तथा परमात्मा का साथ कभी नहीं छूटता है। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों में उन्होंने सभी को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण "श्री गुरु महाराज", "कामां के कन्हैया" व लाठी वाले भैय्या की जय जय कर से गूंज उठा।



# पर्यावरण दिवस पर विद्यालयों में हुआ पौधारोपण

रुद्रपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद्, रुद्रपुर शाखा की ओर से शुक्रवार को स्टोर रिज पब्लिक स्कूल एवं फर्स्ट स्टैप पब्लिक स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाना आवश्यक है। शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने परिषद के "एक सदस्य-एक वृक्ष" अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों एवं नागरिकों से अधिकाधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने का आधार हैं। कार्यक्रम में शाखा सचिव राजेश सलूजा, कीर्ति शर्मा, संजय ठुकराल, पर्यावरण संयोजिका गुंजन खेड़ा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं बल्कि जैव विविधता के संरक्षण और जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। साथ ही सभी ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद उत्तराखंड के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोज अरोड़ा, शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, महामंत्री राजेश सलूजा, कीर्ति शर्मा, संजय ठुकराल, गुंजन खेड़ा, अनुज, राकेश श्रीवास्तव, प्रकाश पाठक सहित परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



# नागनाथ मंदिर व गंगे बाबा मंदिर में चोरों का धावा

काशीपुर। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दो प्रमुख मंदिरों पर धावा बोलकर वहां से हजारों रुपए कीमत के कीमती सामान व दान पात्र से नगदी चोरी कर ली। चोरी की है घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है। पुलिस ने पुजारियों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर नागनाथ मंदिर के पुजारी गणेश नाथ ने बताया कि बीते 31 मई की दरमियानी रातअज्ञात चोरों ने मंदिर में धावा बोलकर वहां से तांबे के पांच कलश, कमंडल घंटियां व दान पात्र से पैसे चोरी कर लिए। इसी तरह गंजे बाबा मंदिर के सेवादार राजेश कुमार शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 1 जून की रात्रि उदासीन आश्रम में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर रात्रि करीब ढाई बजे भोलेनाथ के मंदिर से तांबे का सांप तांबे का कलश एवं तांबे का लोटा चोरी कर लिया। सेवादार ने पुलिस को बताया कि चोरों द्वारा घटना को अंजाम देते हुए वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पूर्व हनुमान मंदिर से पीतल का गदा और लोटा भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया । पुलिस ने चोरी की दोनों ही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दिल्ली होटल अग्निकांड के बाद नैनीताल प्रशासन सख्त

## जिलाधिकारी के निर्देश पर होटल, होमस्टे, गेस्ट हाउस और मॉल का होगा अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन ऑडिट, 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

नैनीताल (संवाददाता)। दिल्ली में हाल ही में हुए भीषण होटल अग्निकांड के बाद नैनीताल जिला प्रशासन ने जनसुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने जनपद के सभी होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, होमस्टे, वाणिज्यिक मॉल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का व्यापक अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में किसी भी संभावित दुर्घटना की रोकथाम तथा आमजन और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए प्रशासन, अग्निशमन विभाग, पुलिस, विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की संयुक्त निरीक्षण समितियों का गठन किया गया है। आदेश के तहत नगर मजिस्ट्रेट तथा उप जिलाधिकारी हल्द्वानी को अपने अपने क्षेत्रों की समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है। समिति में संबंधित क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर निगम के नगर आयुक्त, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, जल संस्थान के सहायक अभियंता, विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता, विद्युत सुरक्षा एवं ऊर्जा निगम के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और अग्निशमन अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। जिलाधिकारी ने गठित समितियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद के सभी होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, होमस्टे, वाणिज्यिक मॉल एवं अन्य प्रतिष्ठानों का विस्तृत निरीक्षण कर अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं का परीक्षण करें तथा 15 दिनों के भीतर अपनी आख्या जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान भवनों में आपातकालीन निकास व्यवस्था, विद्युत वायरिंग की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, फायर एनओसी की वैधता तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की गहन जांच की जाएगी। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों की पर्याप्तता, आपदा या अग्निकांड की स्थिति में राहत एवं बचाव वाहनों की निर्बाध आवाजाही तथा स्वीकृत भवन मानचित्र के अनुरूप निर्माण की भी जांच की जाएगी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रतिष्ठान में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन, गंभीर अनियमितता अथवा जनसुरक्षा के लिए तात्कालिक खतरा पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आईएमपीसीएल फैक्ट्री के निजीकरण के विरोध में नेगी परिवार भूख हड़ताल पर बैठा

रामनगर (संवाददाता)। मोहन स्थित इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) के प्रस्तावित निजीकरण के विरोध में चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में रामनगर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं वर्तमान ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, उनकी पत्नी एवं रामनगर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी अपने परिवार के साथ एक दिवसीय अन्न जल त्याग भूख हड़ताल पर बैठ गए। फैक्ट्री के मुख्य द्वार के बाहर धरना देते हुए उन्होंने निजीकरण के फैसले को वापस लेने की मांग की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। गुरुवार को आयोजित धरना प्रदर्शन में संजय नेगी और मंजू नेगी के साथ उनकी पुत्री प्रेरणा नेगी तथा पुत्र रेदांत नेगी भी भूख हड़ताल में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आईएमपीसीएल केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि क्षेत्र के हजारों परिवारों की आजीविका का आधार और उत्तराखण्ड की आयुर्वेदिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। उनका कहना था कि निजीकरण की स्थिति में कर्मचारियों के भविष्य के साथ साथ स्थानीय लोगों के हित भी प्रभावित होंगे। भूख हड़ताल के दौरान संजय नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार और संबंधित प्रबंधन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएमपीसीएल वर्षों से आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती रही है और इसे निजी हाथों में सौंपना जनहित में नहीं होगा।



उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निजीकरण की प्रक्रिया को नहीं रोका गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। मंजू नेगी ने कहा कि यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता का है। उन्होंने कहा कि आईएमपीसीएल को बचाने के लिए जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, सामाजिक संगठन और आम नागरिक एकजुट होकर आवाज उठा रहे हैं। सरकार को कर्मचारियों और जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए निजीकरण के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करना चाहिए। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि आईएमपीसीएल के निजीकरण के खिलाफ चल रहे आंदोलन को विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का लगातार समर्थन मिल रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक व्यापक तथा निर्णायक बनाया जाएगा।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में तकनीकी त्रुटिवश मेरा नाम CHANDRA PRAKASH CHOUDEY तथा मेरे पिता का नाम SATENDRA NARAYAN CHAUBE अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य सभी कानूनी व शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा सही नाम CHANDRA PRAKASH CHOUBEY तथा मेरे पिता का सही नाम SATENDRA NARIAN CHOUBEY दर्ज है। भविष्य में मुझे और मेरे पिता को सही नाम CHANDRA PRAKASH CHOUBEY, S/O SATENDRA NARIAN CHOUBEY से ही जाना व पहचाना जाए।

चन्द्र प्रकाश चौबे पुत्र श्री सत्येन्द्र नारायण चौबे, निवासी: ग्राम गणेशपुर, पोस्ट नारायणपुर, किच्छा, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड।

# मुख्यमंत्री ने 9.74 लाख लाभार्थियों को हस्तांतरित की 176.59 करोड़ रुपये की पेंशन

## राज्य स्तरीय कार्यशाला में दिलाई नशा मुक्ति और वरिष्ठ नागरिक सम्मान की शपथ

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक जागरूकता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मई 2026 माह की पेंशन राशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने वन क्लिक व्यवस्था के माध्यम से 9 लाख 74 हजार 338 लाभार्थियों के खातों में कुल 176 करोड़ 59 लाख 24 हजार रुपये की धनराशि भेजी। इस अवसर पर उन्होंने नशा मुक्त अभियान तथा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और देखभाल के लिए सभी को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यशाला योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और पात्र लोगों को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव, देरी और बाधा के योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश में जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और मुफ्त राशन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। वहीं स्टैंड अप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माध्यम से गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अंत्योदय परिवारों को प्रतिवर्ष तीन गैस सिलेंडर निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दिव्यांग कार्मिकों का वाहन भत्ता बढ़ाया गया है। स्वयं सहायता समूहों को लखपति दीदी योजना और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम और अपणि सरकार पोर्टल के माध्यम से विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल और हवाई संपर्क के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। राष्ट्रीय खेलों और जी 20 बैठकों के सफल आयोजन से उत्तराखण्ड को वैश्विक पहचान मिली है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही केदारखंड एवं मानसखंड मंदिर माला मिशन पर तेजी से काम चल रहा है। शारदा कॉरिडोर, ऋषिकेश हरिद्वार कॉरिडोर, यमुना कॉरिडोर, विवेकानंद कॉरिडोर और गोल्ज्यू कॉरिडोर जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर भी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था डेढ़ गुना बढ़ी है तथा बीते एक वर्ष में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.23 प्रतिशत दर्ज की गई है। प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की रिकॉर्ड कमी आई है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राज्य का बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। होम स्टे, उद्योग, स्टार्टअप, हेलिपोर्ट और बिजली उत्पादन जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में उत्तराखण्ड को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के सार्वजनिक वित्तीय प्रदर्शन सूचकांक में विशेष श्रेणी राज्यों में उत्तराखण्ड दूसरे स्थान पर रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य को अचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स श्रेणी प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगा विरोधी कानून और भू कानून लागू किए गए हैं। सरकार ने 11 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खजान दास, भरत चौधरी, विधायक सविता कपूर, पार्वती दास, भूपाल राम टम्टा, सचिव श्रीधर बाबू अड्डांकी, अपर सचिव प्रकाश चन्द्र तथा विभिन्न आयोगों, परिषदों और समितियों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।










Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: नितिन चरन

दिनेशपुर (संवाददाता)। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उत्तराखण्ड सरकार के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि ने गुरुवार को नगर पंचायत दिनेशपुर कार्यालय में समीक्षा बैठक कर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और विभागीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन, कर्मचारी नेताओं और सफाई कर्मचारियों के साथ विभिन्न कर्मचारी हित एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबे समय से लंबित समस्याओं को आयोग के समक्ष प्रमुखता से उठाया। कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में आ रही दिक्कतों, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, ईपीएफ व्यवस्था तथा कार्यस्थल पर आने वाली विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं से आयोग को अवगत कराया। कर्मचारियों ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग भी रखी। आयोग के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। नितिन चरन वाल्मीकि ने कहा कि राज्य सरकार और आयोग सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य वातावरण, आवश्यक सुविधाएं और समय पर मिलने वाले लाभ उपलब्ध कराना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन ने आयोग को आश्वस्त किया कि सफाई कर्मचारियों द्वारा उठाए गए सभी जायज मुद्दों और स्थानीय समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सुविधाओं में सुधार और कार्यस्थल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। बैठक से पूर्व नगर पंचायत कार्यालय पहुंचने पर राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी नेता विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



# होटल व्यवसायियों को किया जागरूक

हल्द्वानी। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा विभाग नैनीताल की ओर से हल्द्वानी के विभिन्न होटल व रेस्टोरेंट में जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में होटल स्वामियों, प्रबंधकों और शेफ सहित लगभग 60 से अधिक प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और इसके अंतर्गत निर्धारित नियमों व विनियमों के अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला में खाद्य संरक्षा कुमाऊं मंडल के उपायुक्त डॉ. राजेंद्र सिंह कठायत ने सुरक्षित आहार को स्वास्थ्य का आधार बताते हुए गुणवत्तायुक्त और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एफएस एसएआई लाइसेंस की अनिवार्यता, एक्सपायरी खाद्य पदार्थों के उपयोग पर रोक और लेबलिंग मानकों की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने खाद्य कारोबारकर्ताओं को जन स्वास्थ्य के प्रति उनकी जिम्मेदारी का स्मरण कराया। खाद्य सुरक्षा नैनीताल के सहायक आयुक्त अजब सिंह रावत ने गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस और गुड हाइजीन प्रैक्टिसेस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने अनुसूची 04 के विनियमों के तहत रसोईघर की स्वच्छता, पेयजल की गुणवत्ता, कीट नियंत्रण उपायों और खाद्य पदार्थों के उचित भंडारण के बारे में विस्तार से समझाया। ईट राइट इंडिया कार्यक्रम के तहत रियूज्ड कुकिंग ऑयल के खतरों और फूड फोर्टिफिकेशन के महत्व पर भी चर्चा की गई। विभाग की ओर से सभी व्यवसायियों को अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने के कड़े निर्देश दिए गए। इस अवसर पर होटल अमरद्वीप के महाप्रबंधक केदार सिंह मेहरा सहित अनेक होटल व रेस्टोरेंट संचालक और संबंधित स्टाफ मौजूद रहे।



# रामपाल बने बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति उपाध्यक्ष

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार की 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (राज्य स्तरीय) के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद नगर निगम रुद्रपुर के पूर्व महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल सिंह को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनके आवास और कार्यालय पर दिनभर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं खेल संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों का आना-जाना लगा रहा। डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन सेवा एवं शिक्षण विकास समिति उत्तराखंड, रुद्रपुर के सदस्यों सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर रामपाल सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट किए, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया और मिठाइयां बांटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। रामपाल सिंह की नियुक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। फेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने बधाई संदेश पोस्ट किए। दिनभर उनकी नियुक्ति से संबंधित फोटो, पोस्ट और शुभकामना संदेश वायरल होते रहे, जिससे वे सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बने रहे। समर्थकों का कहना है कि रामपाल सिंह लंबे समय से संगठन एवं समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव, जनसंपर्क और जनहित के कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर रामपाल सिंह ने सभीशुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिला यह दायित्व शीर्ष नेतृत्व के विश्वास तथा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।।उन्होंने कहा कि शुभकामनाएं देने पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति का स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा यही विश्वास उन्हें जनसेवा के लिए और अधिक ऊर्जा प्रदान करता है। इस दौरान नरेश सागर, रामस्वरूप भारती, छोटेलाल गुरुजी, दीप सिंह, ए.पी. आजाद, चंद्रपाल सिंह, गंगा सिंह, ब्रजपाल पाल सिंह, केवल कृष्ण भारती, अनिल चौहान, राकेश सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, मोहन तिवारी, हिम्मत राम कोली, विजय बाजपेई, विनय विश्वास, प्रमोद शर्मा, वेद प्रकाश मौर्य, कृष्णपाल गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, नारायण जोशी, पवन शर्मा, कुंवर पाल, मोहम्मद हसन खान, बबलू दिवाकर, हिमांशु नरूला, कपिल दत्ता विद्या सिंह, मुकेश कुशवाहा, राकेश यादव, भरत लाल, आशीष मित्तल, संजीव अरोरा, विनय बठला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।



# भाजपा नेता विवेक दीप सिंह ने किया जनसंपर्क

किच्छा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल' जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा नेता एवं समाजसेवी विवेक दीप सिंह ने किच्छा के लक्ष्मी विहार, शक्ति विहार और बंगाली कॉलोनी क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। लाभार्थियों ने योजनाओं से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। विवेक दीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से यह अभियान चला रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रवासियों ने भी केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा के 'मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल' अभियान के तहत जिले भर में जनसंपर्क कार्यक्रम लगातार जारी हैं।यह खबर अखबार की शैली में तैयार की गई है।



# बाबा केसर सिंह की याद में 71 वां गुरमत समागम संपन्न

गदरपुर(उद संवाददाता)।संत बाबा केसर सिंह महाराज का 71वां सालाना समागम थापक नगला, बाजपुर के गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ। संत बाबा केसर सिंह महाराज की याद में भारी जोड़ मेला समागम 71 वर्ष से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। समागम में दूर दराज से पहुंची संगत ने मत्था टेका और क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए अरदास की। समागम में रागी जत्थों एवं अन्य वक्ताओं ने गुरबाणी, कथा, कीर्तन व इतिहास के साथ बाबा केसर सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। समागम में रागी भाई हरदीप सिंह रसीला, कविश्री जत्था बलविंदर सिंह, बीबी कुलवंत कौर,बीबी मनदीप कौर,गुरमुख सिंह,गुरदीप सिंह,शरण सिंह, सुखविंदर सिंह ने गुरु महिमा का बखान किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बाहर से आए वक्ताओं, समाजसेवियों एवं सेवादारों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।



# अवैध कॉलोनी पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

## सात एकड़ भूमि पर किया गया ध्वस्तीकरण,भूखंड खरीदने वालों को भी जारी की गई चेतावनी

रुद्रपुर। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए गुरुवार को भूरारानी क्षेत्र में बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई की। प्राधिकरण ने लगभग सात एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण कार्यों को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई वाद संख्या 75 वर्ष 2024 के अंतर्गत की गई। संबंधित भूमि पर पदम सिंह, गिरीश जोशी, राजेन्द्र सिंह कनवाल तथा इन्द्र सिंह कनवाल द्वारा बिना स्वीकृति के कॉलोनी विकसित किए जाने की शिकायतों और जांच के बाद कार्रवाई अमल में लाई गई। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान प्राधिकरण के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, पुलिस बल तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी संबंधित पक्षों को ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए गए थे, लेकिन आदेशों का अनुपालन नहीं किया गया और अवैध निर्माण कार्य जारी रखे गए। इसके बाद प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्माण और विकास कार्यों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण ने आम जनता से भूखंड खरीदने से पहले पूरी जांच पड़ताल करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि आवास निर्माण के लिए केवल स्वीकृत आवासीय क्षेत्रों में ही भूखंड खरीदे जाएं तथा कृषि, उद्योग, ग्रीन बेल्ट अथवा अन्य गैर आवासीय क्षेत्रों में आवासीय उपयोग के लिए भूमि खरीदने से बचें। प्राधिकरण ने नागरिकों को सलाह दी है कि भूखंड खरीदने से पूर्व संबंधित क्षेत्र की भूमि उपयोग स्थिति की जांच अवश्य करें, केवल स्वीकृत कॉलोनियों में ही निवेश करें तथा स्वीकृत मानचित्र और लेआउट की प्रति प्राप्त करने के बाद ही खरीद प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही भूखंड का क्षेत्रफल स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप होने की भी पुष्टि कर लें। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने जनपद के सभी उप निबंधकों से भी अपील की है कि अवैध कॉलोनियों में स्थित भूखंडों से संबंधित रेरा अथवा अन्य आवश्यक स्वीकृतियों के बिना विक्रय पत्रों का पंजीकरण न किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा संदेह की स्थिति में नागरिक जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण


किच्छा (संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भारतीय जनता पार्टी किच्छा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किच्छा परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत छायादार एवं पर्यावरण संरक्षण में सहायक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर राजेश शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य से जुड़ा संकल्प है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पृथ्वी पर पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान देशभर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए आगामी एक सप्ताह तक विशेष पौधरोपण अभियान चलाने और नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ पर कम से कम पांच पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी सभी को निभानी होगी, तभी इस अभियान का उद्देश्य सफल हो सकेगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि नगर मंडल के कार्यकर्ता आगामी एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक बूथ पर पौधारोपण करेंगे और आमजन को भी इस अभियान से जोड़ने का प्रयास करेंगे। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से कार्यकर्ता गांव गांव जाकर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र बागवानी, संदीप अरोड़ा, देवेंद्र शर्मा, महेंद्र पाल, धर्मराज जायसवाल, धनीराम सागर, संदीप गोयल, प्रकाश पंत, मुकेश कोली, आकाश राठौर, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष किरन राठौर, श्याम सुंदर बिष्ट, चंदन जायसवाल, मोहम्मद इमरान, रितिक कश्यप, विपिन जोशी, आकाश, धीरज, विपिन, राजू कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ड्यूटी के दौरान वन कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रामनगर। तराई पश्चिमी वन प्रभाग में गुरुवार को ड्यूटी के दौरान एक वन कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तराई पश्चिमी वन प्रभाग के वर्किंग प्लान अनुभाग में तैनात वन आरक्षी आनंद बल्लभ जोशी गुरुवार दोपहर फाटो पर्यटन जोन क्षेत्र में चल रहे सर्वे कार्य में लगे हुए थे। बताया जा रहा है कि सर्वे के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें चक्कर आ गया, जिसके बाद वह जंगल में ही गिर पड़े। साथ मौजूद वन कर्मियों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की चिकित्सक डॉ. हिमानी ने बताया कि वन कर्मी को अस्पताल लाए जाने पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, लेकिन उनकी रास्ते में ही मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## टीएमसी में बगावत

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वहां विपक्ष की राजनीति में शुरू हुई उथल-पुथल से फिर यही जाहिर हुआ है कि आज सिद्धांत और विचारधारा की राजनीति के तकाजे पीछे छूट चुके हैं। राज्य में सत्ता से बाहर होने के बाद तृणमूल कांग्रेस बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझ रही है।भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में कई जगहों पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेताओं तक पर प्रत्यक्ष हमले हुए। मगर इस सबके बीच विधानसभा के लिए चुने गए कई विधायकों के अलग होने का फैसला पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है।दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के अस्सी में से अट्ठावन विधायकों ने अपना अलग गुट बना लिया और उसे विधानसभा में तुरंत मान्यता भी दे दी गई। यों इस बगावत का सिरा तृणमूल के दो विधायकों, ऋतव्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किए जाने से जुड़ा माना जा रहा है। इसके बाद ऋतव्रत बनर्जी ने अन्य विधायकों का समर्थन जुटाकर अपना अलग गुट बना लिया और खुद को विधानसभा में असली तृणमूल कांग्रेस घोषित कर दिया।जाहिर है, बीते करीब तीन दशक की राजनीति में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के लिए यह एक मुश्किल वक्त है। इससे हुए नुकसान को कम करने की कोशिश में पार्टी ने राज्य में अपनी सभी समितियों और आनुषंगिक संगठनों को भंग कर दिया, मगर एक साथ इतनी बड़ी संख्या में चुने हुए प्रतिनिधियों का पार्टी छोड़ना तृणमूल कांग्रेस के लिए संभवत: एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। हालांकि पार्टी से अलग होने की घोषणा करने वाले विधायकों की संख्या चूंकि दो-तिहाई से ज्यादा है, इसलिए दल-बदल कानून के प्रावधानों का कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इससे फिर यही सवाल उठा है कि देश की राजनीति में अवसरों का लाभ उठाने की यह कैसी प्रवृत्ति है, जिसमें जनता के भरोसे का खयाल रखना अब एक गैर-महत्त्वपूर्ण विषय माना जाने लगा है। यह भी विचित्र है कि ऐसी बगावत आमतौर पर अपनी पार्टी के सत्ता से बाहर होने या सरकार बनाने के गणित में कमजोर होने के बाद ही देखी जाती है।पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में बगावत को करीब चार साल पहले महाराष्ट्र में शिवसेना की टूट की तरह देखा जा रहा है, जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कई विधायकों ने उद्धव ठाकरे से खुद को अलग कर लिया था। उसके बाद आखिरकार पार्टी का नियंत्रण उद्धव ठाकरे से एकनाथ शिंदे के हाथ में चला गया था। इसमें लोकतांत्रिक अधिकारों की दलील दी जा सकती है, मगर सवाल है कि किसी खास पार्टी के सिद्धांत और उसकी विचारधारा के आधार पर जनता का समर्थन और जीत हासिल करने के बाद अचानक उसे छोड़ देना किस तरह लोकतंत्र को मजबूत करेगा। राजनीति में शुचिता और सिद्धांतों की बुनियाद की अहमियत को कायम रखने के लिए दल-बदल कानून लाया गया था। मगर ऐसा लगता है कि उसके प्रावधानों को भी सिर्फ तकनीकी कसौटी पूरी होने के दायरे में समेट दिया गया है।

# मासूम बच्चों की गुहार पर जागा जिला प्रशासन

किच्छा (संवाददाता)। किच्छा के बालाजीपुरम क्षेत्र से प्रशासनिक संवेदनशीलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। यहां दो स्कूली बच्चों द्वारा अपनी गली में जलभराव और नाली निर्माण की समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर की गई अपील के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया और वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी गई। नगर पालिका क्षेत्र के किशनपुर स्थित वार्ड बालाजीपुरम में पिछले लगभग दो वर्षों से जल निकासी की गंभीर समस्या बनी हुई थी। बरसात और सामान्य दिनों में भी गली में पानी भरने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासी लंबे समय से समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे, लेकिन कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई थी। इसी बीच क्षेत्र के दो मासूम बच्चों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी गली की समस्या को उठाया।





वीडियो में बच्चों ने भावुक अंदाज में कहा, ष्हेलो अंकल, हमारी गली की नाली बनवा दो।ष बच्चों की यह अपील तेजी से लोगों तक पहुंची और अंतत: जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के संज्ञान में भी आई। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद किच्छा के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही अधिशासी अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाली निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए जेसीबी मशीन की सहायता ली गई। इसके बाद जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। साथ ही क्षेत्र में सड़क निर्माण से जुड़े आवश्यक कार्यों को भी गति दी गई, जिससे समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही होगा सफल: डीएम

रुद्रपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय एवं कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट तथा गौरव पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सभी जनपदवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष हमें शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन और जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि



आगामी हरेला पर्व और वर्षाकाल के दौरान जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर तक संचालित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व है। सामूहिक प्रयासों से ही जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, पेयजल निगम के सुनील जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर, तहसीलदार दिनेश कुटौला सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदनलाल खुराना को किया सम्मानित

किच्छा(संवाददाता)। भाजपा नेता एवं समाजसेवी विवेक दीप सिंह ने जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदनलाल खुराना से आत्मीय भेंट कर उनका सम्मान किया तथा आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों, पार्टी की वैचारिक विरासत और समसामयिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विवेक दीप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को आज जो मजबूत वैचारिक आधार और सुदृढ़ संगठनात्मक शक्ति प्राप्त है, उसमें जनसंघ काल से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और नेताओं का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठजनों



के संघर्ष, समर्पण और अनुभव ने संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके अनुभवों से सीख लेकर कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर सकते हैं। विवेक दीप सिंह ने कुंदनलाल खुराना के दीर्घकालीन संगठनात्मक योगदान की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्नेह और मार्गदर्शन संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है।

# तिरंगे के कथित अपमान पर फूटा आक्रोश, पीएम को भेजा ज्ञापन

शक्तिफार्म। विदेश में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के कथित अपमान की घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश देखने को मिला। कथावाचक रामचन्द्र राय के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और उसका अपमान पूरे देश की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। ज्ञापन मे विदेश में तिरंगे को फाड़ने और कुचलने जैसी घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए संबंधित लोगों की तत्काल गिरफ्तारी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। इस



दौरान रामचन्द्र राय ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने केंद्र सरकार से मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की मांग की। साथ ही देशवासियों से भी राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट होने और इस विषय पर जनजागरण करने की अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान त्रिनाथ मंडल, रामगोपाल सरकार, अनिमेष सरकार, आनंद राय, राजू बर्मन, सुखदेव कुमार, विजय कुमार, सुप्रितम राय, हरिचंद एवं अशोक बिस्वास सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान से लाई जा रही स्मैक की बड़ी खेप पकड़ी, दो दबोचे

हल्द्वानी। कुमाऊं में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। काठगोदाम पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने राजस्थान से हल्द्वानी लाई जा रही 618 ग्राम स्मैक की बड़ी खेप बरामद करते हुए दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की मात्रा व्यावसायिक श्रेणी में होने के कारण पुलिस इसे नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार चौकी खेड़ा क्षेत्र स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान राजस्थान नंबर की एक सफेद कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक वाहन को पास की गली में मोड़कर भागने लगा, लेकिन संकरे रास्ते और खड़े वाहनों के कारण कार आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन में सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपनी पहचान सीताराम (37) और गजब सिंह (27) निवासी भरतपुर, राजस्थान के रूप में बताई। तलाशी लेने पर चालक की सीट के नीचे रखी पन्नी से 307 ग्राम तथा दूसरे युवक की सीट के नीचे रखी पन्नी से 311 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस प्रकार कुल 618 ग्राम स्मैक पुलिस ने कब्जे में ली। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि यह स्मैक भरतपुर के एक व्यक्ति ने उन्हें हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में किसी व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए दी थी। हालांकि पुलिस इस दावे की सत्यता की जांच कर रही है और नशे की खेप के स्रोत से लेकर उसके संभावित खरीदारों तक पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से बरामद कार को भी सीज कर दिया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वच्छ जीवन संभव : मित्तल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए पर्यावरण का स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस पर ट्रांजिट कैम्प में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता के साथ उनके आवास पर पौधारोपण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि यदि हम अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे और प्रकृति की रक्षा करेंगे तो ही एक स्वस्थ, सुरक्षित और बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा गंदगी से बचाव और पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वच्छता एवं जनसेवा के संकल्प को प्रेरणा



बताते हुए सभी से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान दें। इस दौरान उपस्थित सभी जनों को शहर को स्वच्छ रखने, गंदगी मुक्त बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प एवं शपथ दिलाई गई।इससे पूर्व प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में चल रहे जनसेवा कार्यक्रम में आज पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता की भावना के साथ विविध जनकल्याणकारी गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। भोजन वितरण के पश्चात स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में कुशल अग्रवाल, प्रमोद यादव, सुनील पचौरी, निखिल चंडोक, नितिन अग्रवाल, मनोज गोयल, रीना गोयल, सागर गोयल, जान्हवी गोयल, अनुराग शर्मा, अमित मित्तल, युवांश चावला, अभय चौहान, मोहित चौहान, पुष्पेंद्र गंगवार, शुभ सिंह, पवन सिंह, मनीष मित्तल, दीपिका मित्तल, दिव्यांशी पचौरी आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक

दिनेशपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा मदनापुर, दिनेशपुर में महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हीरा जंगपांगी रौतेला ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। युवा आज के बदलाव के सबसे बड़े वाहक हैं और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उमा पानू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का त्याग करने, पौधारोपण करने, पानी और बिजली



की बचत करने तथा गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग निस्तारण करने पर जोर दिया। वहीं रुचि ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने जल और पर्यावरण के पारस्परिक संबंधों पर चर्चा की। वक्ताओं ने बताया कि बढ़ता जल प्रदूषण, प्लास्टिक कचरा और औद्योगिक अपशिष्ट नदियों एवं जल स्रोतों के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं। इस अवसर पर पार्वती, शीला देवी, कमला, तारा, रमा, सुनीता, रिया, पुष्पा, आरती, राधा, लीलावती, ललिता, प्रिया, रानी, सरिता, रेनू सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

# ऑल इंडिया ट्रेड्स कप हॉकी की 100 वीं प्रतियोगिता का भव्य आगाज

नैनीताल (संवाददाता)। पर्यटन नगरी नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में गुरुवार को 100वीं ऑल इंडिया ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कुमाऊं मंडल आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने फीता काटकर तथा हॉकी स्टिक से गेंद पर शॉट लगाकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के उद्घाटन से पूर्व तल्लीताल रोडवेज स्टेशन से डीएसए मैदान तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नैनीताल का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले ओलंपियन राजेंद्र रावत तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नरेंद्र बिष्ट और ललित शाह को विशेष रूप से सुसज्जित वाहन में सम्मानपूर्वक लाया गया। माल रोड से गुजरने वाली इस आकर्षक शोभायात्रा का स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शोभायात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं, पुलिस बैंड, पारंपरिक छोलिया





नृत्य दल, महिला समूहों तथा सांस्कृतिक टीमों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। रंग बिरंगी झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे नगर को खेल और उत्सव के रंग में रंग दिया। मुख्य अतिथि दीपक रावत ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं होते, बल्कि अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने तथा बड़े मंचों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उद्घाटन समारोह में स्कूली छात्र छात्राओं, सांस्कृतिक दलों और छोलिया कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान डीएसए महासचिव मनोज जोशी ने सभी खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता के 100वें संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों से 49 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य हॉकी खेल को बढ़ावा देना तथा युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला रुद्रपुर और आगरा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने का अवसर दिया। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या, दर्जा मंत्री दिनेश आर्या, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, डीएसए उपाध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट, हॉकी सचिव चंद्र लाल शाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, खेल पदाधिकारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गदरपुर। वर्ष 1984 में श्री दरबार साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब तथा देशभर के अन्य गुरुद्वारों में हुई सैन्य कार्रवाई में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की स्मृति में



गुरुवार को गदरपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रैली निकालकर शहीदों को नमन किया तथा गुरुद्वारा परिसर मेंसतनाम वाहेगुरु और मूल मंत्र का जाप कर सर्वत्र सुख-शांति की अरदास की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्म प्रचार कमेटी उत्तराखंड के काशीपुर प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने कहा कि वर्ष 1984 की घटना सिख इतिहास का अत्यंत दुखद अध्याय है। उन्होंने कहा कि उस दौरान बड़ी संख्या में निर्दोष श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित हुए थे। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज में भाईचारे और शांति का संदेश दिया। सिख मिशनरी कॉलेज के देवेंद्र सिंह ने कहा कि सिख समुदाय ने हमेशा देश और समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर प्राकृतिक आपदाओंतक सिख समाज ने मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने इतिहास के विभिन्न दौरों में सिख समुदाय द्वारा दिए गए योगदान और बलिदानों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ष्बोले सो निहाल, सत श्री अकालष के जयकारे लगाए और गुरबाणी का पाठ किया। स्त्री सत्संग सभा की सविंदर कौर रोजी ने बच्चों को नित्य गुरबाणी पाठ करने तथा गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज में नैतिक मूल्यों और धार्मिक आस्था को मजबूत करने पर बल दिया।

# लूटपाट करने वाला तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

किच्छा(संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर पुलिस ने घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाने, तमंचे के बल पर लूटपाट करने और मोटरसाइकिल चोरी की सनसनीखेज वारदात का सफल खुलासा करते हुए मामले के तीसरे और अंतिम आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलभट्टा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तहत फरार चल रहे आरोपी शकील मियां पुत्र हसीन मियां निवासी लोहार नगला, थाना फतेहगंज पश्चिमी, जनपद बरेली को 4 जून को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मामले में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जा चुका था, जबकि तीसरा आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता



प्राप्त की। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल, लूटे गए जेवरात जिनमें कान के रिंग और पायल शामिल हैं तथा 30 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि बरामद सामान घटना से संबंधित है और मामले में आवश्यक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों ने घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाया था और तमंचे के बल पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद से पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। अब तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के साथ पूरे मामले का सफलतापूर्वक खुलासा हो गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र भट्ट, उपनिरीक्षक धीरज वर्मा, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र, हेड कांस्टेबल संजू राम तथा कांस्टेबल मनोज मेहरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओंमेंवैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पेज एक का शेष...

**इकोलॉजी और इकोनामी...**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के संकल्प को केंद्र में रखा गया। प्रशासन की ओर से भीमताल क्षेत्र में हजारों पौधे रोपित करने का अभियान भी चलाया गया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रदेश नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का अग्रदूत भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'इकोलॉजी और इकोनॉमी' के संतुलन के मंत्र पर कार्य कर रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास दोनों को समान गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने ग्रॉस एनवायरमेंट प्रोडक्ट की अवधारणा को लागू कर पर्यावरणीय सेवाओं के आर्थिक महत्व को पहचान दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण देना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झीलों के संरक्षण, पर्यटन सुविधाओं के विकास, यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और पर्यावरण अनुकूल विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। भीमताल सहित नैनीताल जिले में पर्यटन और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न संदेशों का प्रसार किया गया तथा जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलित दृष्टिकोण का प्रतीक बनकर उभरा। इससे पूर्व नैनीताल में मुख्यमंत्री धामी ने खराब मौसम और तेज बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मूसलाधार बारिश के बीच मुख्यमंत्री स्वयं कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे, उनका हालचाल जाना और संगठन की मजबूती में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं और उनके समर्पण से ही विकास एवं जनसेवा के लक्ष्य पूरे किए जा सकते हैं।

**हाईकोर्ट के निर्देश पर ...**पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उनके बेटे की कहीं और हत्या कर शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि मुर्सलीन की एक किशोरी से मित्रता थी और किशोरी का बड़ा भाई उसे लगातार धमकियां दे रहा था। परिजनों के अनुसार घटना वाली रात मुर्सलीन दो बार किशोरी से मिलने उसके घर गया था तथा उसके मोबाइल फोन से किशोरी को तीन बार कॉल भी की गई थी। इन तथ्यों को आधार बनाकर परिजनों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और निष्पक्ष जांच के लिए दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट की एकलपीठ ने शव को कब्र से निकालकर राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल से पुनः पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए थे। अदालत के आदेश के बाद शुक्रवार को यह कार्रवाई अमल में लाई गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार, कोतवाल हरेंद्र सिंह, एसआई गणेश पांडेय, एसआई कौशल भाकुनी सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पैनल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा और उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि मामले की अगली सुनवाई 15 जून को हाईकोर्ट में निर्धारित है। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं।

**फर्जी शस्त्र लाइसेंस...**नौशाद हुसैन समेत 10 व्यक्तियों ने शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) से जारी दर्शाए गए लाइसेंसों के आधार पर काशीपुर स्थित गन हाउस से हथियार खरीदे थे। एसटीएफ ने संबंधित लाइसेंसों और अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद शाहजहांपुर जिलाधिकारी कार्यालय से सत्यापन कराया। जांच में खुलासा हुआ कि जिन लाइसेंसों के आधार पर हथियार खरीदे गए थे, वे संबंधित व्यक्तियों के नाम पर कभी जारी ही नहीं हुए थे। लाइसेंस नंबर अन्य व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत पाए गए, जिससे पूरे दस्तावेज फर्जी और कूटरचित सिद्ध हुए। कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपियों में मोहल्ला थाना साबिक काशीपुर निवासी नौशाद हुसैन, चामुंडा मंदिर काशीपुर निवासी जतिन कांडपाल तथा मूल रूप से शाहजहांपुर निवासी एवं वर्तमान में काशीपुर निवासी अजीम शामिल हैं। पुलिस के अनुसार नौशाद हुसैन के कब्जे से 30 बोर की एक पिस्टल, 28 कारतूस और फर्जी लाइसेंस, जतिन कांडपाल से 32 बोर की एक पिस्टल, 18 कारतूस और फर्जी लाइसेंस तथा अजीम से 30 बोर की एक पिस्टल, 19 कारतूस और फर्जी लाइसेंस बरामद किए गए हैं। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि राज्यभर में बाहरी राज्यों से स्थानांतरित होकर आए हजारों शस्त्र लाइसेंसों का सत्यापन अभियान जारी है। जांच में सामने आने वाले प्रत्येक मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**फर्जी शस्त्र...**हाउस से 10 लोगों द्वारा फर्जी लाइसेंस के जरिए शस्त्र खरीदने का हैरत अंग्रेज मामला प्रकाश में आया। गन हाउस के मलिक सौभाग्य टंडन से जांच अधिकारी ने क्रय किए गए शास्त्रों से संबंधित अभिलेख लाइसेंसों की सत्यापित प्रतियां तथा खरीद की रसीदें प्राप्त की। अभिलेखों के प्रशिक्षण में सभी शस्त्र लाइसेंसों पर संपूर्ण भारतवर्ष हेतु विद्या अंकित था। साथ ही सभी लाइसेंसों को शाहजहांपुर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत दर्शाया गया था। जांच अधिकारी ने जब इस संबंध में शाहजहांपुर जिला मजिस्ट्रेट से पत्राचार कर जानकारी ली तो जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से बताया गया कि वहां से ऐसे कोई भी लाइसेंस निर्गत नहीं किए गए। बताया गया कि जिन लाइसेंस क्रमांकों का उपयोग किया गया है वह किसी और के नाम पर निर्गत किए गए हैं। काशीपुर में चल रहे इतने बड़े फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद जांच अधिकारी खुद हैरत में पड़ गए। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि उपरोक्त सभी व्यक्तियों ने संगठित एवं योजनाबद्ध आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में स्थानीय पते के स्थान पर जनपद शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश का पता अंकित कराकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराए। जांच के दौरान कुछ के लाइसेंस पोर्टल पर भी प्रदर्शित पाए गए जिसके आधार पर शस्त्रों का क्रय किया गया। एसटीएफ इंस्पेक्टर महेन्द्र पाल सिंह की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने उक्त 10 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 111, 3(5), 318(4), 336(3), 338, 340, 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

**फजीवाड़े का गढ़...**हुसैन निवासी मौहल्ला थाना साबिक, काशीपुर।, मौ. नसीम पुत्र नन्हें खान निवासी लक्ष्मीपुर पट्टी, काशीपुर,मौ. दानिश उर्फ दानू पुत्र छुट्टन निवासी सरवरखेड़ा, काशीपुर, सौरभ अग्रवाल पुत्र राकेश अग्रवाल निवासी चामुंडा, काशीपुर, विशाल राजपूत पुत्र लखेंद्र कुमार राजपूत निवासी पुंवाया, हाल निवासी काशीपुर, गुरताज सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह निवासी मेहरोत्रा फार्म, जतिन कांडपाल पुत्र पूरन चन्द्र कांडपाल निवासी चामुंडा मंदिर, काशीपुर, मनजोत सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी ग्राम नत्थापुर, थाना पुवांया, जनपद शाहजहाँपुर (उ.प्र.), हाल निवासी काशीपुर, अजीम पुत्र नन्हें पहलवान निवासी ग्राम एवं पोस्ट सिंधौली, जनपद शाहजहाँपुर (उ.प्र.), हाल निवासी काशीपुर , गौरव अग्रवाल पुत्र राकेश अग्रवाल निवासी चामुंडा, काशीपुर

**चार शोरूमों में हुई....**की वारदात को अंजाम देने के बाद आते जाते दिखाई दिए। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए राजस्थान के जयपुर और फिर बांसवाड़ा तक पहुंची। वहां संदिग्धों की पहचान प्रवीण उर्फ गुडिया उर्फ गुड्डु मईड़ा, रायचंद सिंह मईड़ा और राजू उर्फ रजिया के रूप में हुई। तीनों आरोपी राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर रामपुर बिलासपुर रोड से रायचंद सिंह मईड़ा पुत्र मांगिया मईड़ा निवासी पिपलवा माही डैम रोड, कोतवाली सिटी बांसवाड़ा, राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी के 25,500 रुपये नकद और एक आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद हुई। पुलिस के अनुसार मामले में वांछित आरोपी प्रवीण उर्फ गुडिया उर्फ गुड्डु मईड़ा तथा राजू उर्फ रजिया की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह खत्री, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह रिंगवाल, अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल प्रेम कनवाल, हिमांशु, शुभम सैनी, पंकज बिनवाल तथा भूपेंद्र आर्या शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

**टेंपो टैवलर पलटने से ...**कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि वाहन में कुल 18 यात्री सवार थे, जिनमें एक महिला की मृत्यु हो गई है जबकि 17 अन्य घायल हैं। पुलिस ने मृतका के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चारधाम यात्रा के दौरान हुए इस हादसे ने एक बार फिर पहाड़ी मार्गों पर सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को रेखांकित किया है। प्रशासन ने यात्रियों और वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

**सीएम का विरोध करने जारहे...**रहे थे। शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी तथा उनके समर्थक सिर पर काली पट्टी बांधकर और हाथों में काले गुब्बारे लेकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आईएमपीसीएल आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री को निजी हाथों में सौंपने का निर्णय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के हितों के खिलाफ है। पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए सभी को बेलपड़ाव क्षेत्र में ही रोक लिया और हिरासत में ले लिया। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि आईएमपीसीएल केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्ट्री के निजीकरण से वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है और स्थानीय लोगों की भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रही है। संजय नेगी ने दावा किया कि नैनीताल और अल्मोड़ा जिलों के कई जनप्रतिनिधि भी इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर अपना स्पष्ट रुख सामने लाना चाहिए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आखिर किसके संरक्षण में फल-फूल रहा था सागर का वसूली नेटवर्क ?

## आका के गिरेबान तक नहीं पहुंचे पुलिस के हाथ, तो अधूरी मानी जाएगी कार्रवाई

रुद्रपुर(उद ब्यूरो)। जनपद उधमसिंहनगर के रूद्रपुर में बहुचर्चित वसूली का मामला एक बार फिर सुर्खियों में छा गया है। डंपर चालकों से कथित अवैध वसूली के आरोप में भाजपा से निष्कासित नेता विकास सागर और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद भले ही पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही हो, लेकिन इस पूरे प्रकरण से जुड़े कई बड़े सवाल अब भी अनुत्तरित हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर विकास सागर किसके संरक्षण में यह कथित वसूली नेटवर्क चला रहा था और लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई में इतनी देरी क्यों हुई? डंपर चालकों और वाहन स्वामियों की ओर से पिछले कई महीनों से अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही थीं। कई लोगों ने पुलिस और प्रशासन को तहरीरें भी दीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या विकास सागर को किसी प्रभावशाली व्यक्ति या राजनीतिक संरक्षण का लाभ मिल रहा था, जिसके कारण शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। मामले को और गंभीर इसलिए माना जा रहा है क्योंकि गिरफ्तारी के बाद एक कथित ऑडियो भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस ऑडियो में विकास सागर पर कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा रहा है कि वसूली की रकम विभिन्न स्तरों तक पहुंचाई जाती है। हालांकि ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन इसके सामने आने के बाद मामले ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि पुलिस की जांच केवल विकास सागर और उसके दो-तीन साथियों तक सीमित रहती है, तो इसे अधूरी कार्रवाई माना जाएगा। क्योंकि जिस स्तर पर वसूली के आरोप सामने आए हैं, वहां बिना किसी मजबूत संरक्षण और नेटवर्क के लंबे समय तक ऐसा कथित खेल चल पाना आसान नहीं माना जाता। सबसे अहम सवाल यह भी है कि जब शिकायतकर्ता लगातार तहरीरें दे रहे थे, तब पुलिस ने तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की? क्या जांच में लापरवाही बरती गई या फिर किसी दबाव के चलते कार्रवाई को टाला जाता रहा? यदि शिकायतें पहले से पुलिस के संज्ञान में थीं, तो फिर अचानक हुई कार्रवाई के पीछे क्या वजह रही? पुलिस ने विकास सागर को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन समेत अन्य साक्ष्य बरामद करने का दावा किया है। लेकिन अब लोगों की निगाह इस बात पर टिकी है कि जांच केवल आरोपियों तक सीमित रहती है या फिर उन लोगों तक भी पहुंचती है, जिनके संरक्षण में कथित तौर पर यह पूरा वसूली तंत्र संचालित हो रहा था। जनता के बीच यह चर्चा आम है कि पुलिस की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब जांच वसूली के कथित नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचेगी। लोगों को इंतजार है कि आखिर विकास सागर के पीछे कौन था, उसे संरक्षण कौन दे रहा था और कार्रवाई में देरी क्यों हुई। इन सवालों के जवाब ही इस पूरे मामले की सच्चाई सामने ला सकेंगे।



### डंपर वसूली प्रकरण में आका को लेकर जनता में चर्चाएं तेज

रुद्रपुर। डंपर वसूली प्रकरण में विकास सागर की गिरफ्तारी के बाद शहर में उसके कथित संरक्षकों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। लोगों के बीच सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किसके संरक्षण में विकास सागर इतना लंबा वसूली नेटवर्क संचालित कर रहा था और शिकायतों के बावजूद उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। चर्चा इस बात की भी है कि यदि विकास सागर के खिलाफ पहले से शिकायतें मिल रही थीं, तो उसके हौसले इतने बुलंद कैसे रहे। आमजन का मानना है कि मामले की सच्चाई तभी सामने आएगी, जब जांच कथित वसूली नेटवर्क के पीछे मौजूद संरक्षण देने वालों तक पहुंचेगी। शहर में यह भी चर्चा है कि विकास सागर की गिरफ्तारी जांच का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। अब लोगों की निगाह इस बात पर टिकी है कि पुलिस इस मामले में केवल गिरफ्तार आरोपियों तक सीमित रहती है या फिर पूरे नेटवर्क और उसके कथित आकाओं तक भी पहुंचती है।

### पुलिस पर भी उठ रहे सवाल

रुद्रपुर। वसूली प्रकरण में विकास सागर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से डंपर चालकों द्वारा अवैध वसूली की शिकायतें की जा रही थीं और तहरीरें भी दी गई थीं, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर कार्रवाई में इतनी देरी क्यों हुई। चर्चा है कि यदि मामले को पहले ही गंभीरता से लिया जाता तो कथित वसूली का नेटवर्क इतना लंबा नहीं चल पाता। अब नजर इस बात पर है कि पुलिस आगे क्या कार्रवाई करती है।




Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# अब महिलाओं के जटिल रोगों का जर्मन लेजर तकनीक से होगा उपचार

## किशोर हॉस्पिटल किच्छा में शुरू हुई अत्याधुनिक सुविधा

किच्छा। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न शारीरिक एवं आंतरिक समस्याओं के उपचार के लिए किशोर हॉस्पिटल किच्छा ने जर्मन तकनीक आधारित अत्याधुनिक लेजर उपचार सुविधा शुरू की है। अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मृदुला किशोर ने बताया कि इस नई तकनीक के माध्यम से कई ऐसी समस्याओं का सुरक्षित और प्रभावी उपचार किया जाएगा, जिनके लिए पहले ऑपरेशन, भर्ती अथवा बेहोशी की आवश्यकता पड़ती थी। डॉ. मृदुला किशोर ने बताया कि जर्मन एडोल्फ लेजर तकनीक महिलाओं में होने वाली स्ट्रेस यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस (बार-बार पेशाब आना या हंसने, खांसने और छींकने पर पेशाब का रिसाव होना), श्वेत प्रदर (ल्यूकोरिया), योनि में सूखापन, बार-बार होने वाले संक्रमण, प्रसव के बाद योनि मार्ग में ढीलापन तथा बढ़ती उम्र और रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) के बाद उत्पन्न होने वाली कई समस्याओं के उपचार में उपयोगी है। उन्होंने बताया कि सामान्य डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली शारीरिक परेशानियों के पुनर्वास (वेजाइनल रिहैबिलिटेशन) और वेजाइनल रीजुवनेशन में भी यह तकनीक कारगर साबित हो रही है। इसके माध्यम से महिलाओं के वैवाहिक जीवन और आत्मविश्वास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा वे लंबे समय तक स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जी सकती हैं। डॉ. किशोर के अनुसार यह उपचार बिना ऑपरेशन, बिना बेहोशी और बिना अस्पताल में भर्ती हुए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सहज और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात पाकर बेहतर जीवन गुणवत्ता प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि किशोर गैस्ट्रो सेंटर लैंड नंबर दो डॉक्टर्स कॉलोनी रूद्रपुर में भी हुए प्रत्येक दिन 2 घंटे का समय देकर मरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे इसके अलावा किशोर हॉस्पिटल बरेली बायपास रोड किच्छा में प्रत्येक दिन मरीज का इलाज किया जाएगा।



# भक्ति रस में सराबोर हुआ प्रेम आश्रम धाम

रुद्रपुर। दादा गुरु श्री श्री 1008 श्री भैरवनाथ जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित 72वें वार्षिक विशाल जागरण एवं भंडारे के तहत प्रेम आश्रम धाम, संपतपुर जाफरपुर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है। श्री गुरु गायत्री नाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं भक्ति ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। वृंदावन से पधारे कथा व्यास स्वामी रामजी दास महाराज ने रामचरित, श्रीकृष्ण अवतार और नंदोत्सव का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल एक अवतार नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक हैं। बालकृष्ण से लेकर योगेश्वर कृष्ण तक के स्वरूपों का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने अपनी लीलाओं के माध्यम से धर्म की स्थापना और मानव कल्याण का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार तथा राजकुमार सीकरी ने श्री गुरु गायत्री नाथ जी महाराज एवं कथा व्यास स्वामी रामजी दास महाराज को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत भूषण चुघ ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराएं हमारी सबसे बड़ी धरोहर हैं, जिन्हें युवा पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। धार्मिक आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा। इस अवसर पर जगदीश सुखीजा, सोमनाथ छाबड़ा, शिव शर्मा, राजकुमार भुसरी, पुरुषोत्तम छाबड़ा, मनीष छाबड़ा, तीरथ राम सीकरी, सुभाष बत्रा, मनोज छाबड़ा, विशाल छाबड़ा, लवली, राहुल, आशु बेहड़, कृष्ण लाल चावला, सचिन छाबड़ा, गुलशन शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

